तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

विकसित भारत के निर्माण में सबकी हो सक्रिय भागीदारी : खुशवंत साहेब

4



खबर संक्षेप

ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ रोजगार दिवस

जांजगीर-चांपा। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्राम विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। रोजगार दिवस के अवसर पर विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को ग्राम पंचायत के विकास की प्राथमिकताओं के निर्धारण एवं योजना निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर योजनाओं एवं विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 375 अनुमेय कार्यों के माध्यम से अधोसंरचना विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। रोजगार दिवस में ग्राम पंचायतों में स्वीकृत विभिन्न कार्यों की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत की गई तथा स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। साथ ही कार्यस्थल पर श्रमिकों की सहभागिता एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी गई। आवास दिवस के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई तथा हितग्राहियों को अपने आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

आकस्मिक मृत्यु के तीन प्रकरणों में 12 लाख स्वीकृत

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आकस्मिक आपदा के कारण मृत्यु के 03 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिले के तहसील बलौदा अंतर्गत ग्राम महुदा (ब) निवासी रामभरोस पटेल, तुलसी राम एवं नरेश कुमार खैरवार की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिसों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें रामभरोस पटेल की पत्नी श्रीमती अंजू पटेल, तुलसी राम की पत्नी श्रीमती दुलार बाई एवं नरेश कुमार खैरवार के पिता श्री रामू खैरवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

जांजगीर-चांपा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को सुना। जनदर्शन में 70 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील चांपा के ग्राम कोसमंदा निवासी श्रीमती शांति कर्ष ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, अर्चना बरेठ द्वारा राशनकार्ड के संबंध मे, तहसील नवागढ़ के ग्राम कर्रा निवासी भागीरथी ने दिव्यांग पेंशन दिलाने, ग्राम कटौद निवासी रेखा बाई कर्ष द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित, तहसील मुख्यालय जांजगीर निवासी श्रीमती शांति देवी कश्यप ने राजस्व अभिलेख दुरुस्त कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रेषित किया।

कबाड़ के जुगाड़ से बना डाली चार सीटर बैटरी कार, 10वीं पास हेमंत के हुनर की हो रही चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़.

छह महीने की मेहनत में तैयार की कार, एक चार्ज में 120 किमी चलने का दावा



अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो संसाधनों की कमी भी रास्ते में बाधा नहीं बनती। इसका उदाहरण नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कटौद निवासी 26 वर्षीय हेमंत कुमार केवट ने पेश किया है। हेमंत ने बिना किसी इंजीनियरिंग की पढ़ाई, तकनीकी डिग्री या डिप्लोमा के कबाड़ और उपलब्ध संसाधनों से चार सीटर बैटरी से चलने वाली कार तैयार कर दी है। उसके कबाड़ से जुगाड़ की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

हेमंत ने बताया कि जब वह करीब 14 वर्ष के थे, तब उन्होंने बच्चों के लिए बैटरी से चलने वाली छोटी कार देखी थी। तभी उनके मन में खुद ऐसी कार बनाने का विचार आया। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने भी उनके इस विचार को मजबूत किया। करीब 12 साल तक मन में संजोए इस सपने को उन्होंने आखिरकार पूरा करने की ठानी।इसके बाद हेमंत ने अलग-अलग कबाड़ और उपयोगी सामान जुटाकर कार बनाने का काम शुरू किया। करीब छह महीने की मेहनत के बाद चार सीटर बैटरी कार तैयार हुई। हेमंत के अनुसार, कार बनाने में अब तक करीब दो लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। हालांकि इसमें अभी कुछ काम बाकी है। हेमंत के मुताबिक कार की बैटरी करीब ढाई घंटे में चार्ज होती है और पूरी तरह चार्ज होने पर यह करीब 120 किलोमीटर तक चल सकती है। कार की अधिकतम रफ्तार करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई है।

चाउमिन बेचकर परिवार का पालन-पोषण-हेमंत की जिंदगी भी इस कहानी को खास बनाती है। वह कोई बड़ी वर्कशॉप नहीं चलाते, बल्कि घर के सामने शाम के समय चाउमिन और मंचूरियन बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इसी काम से समय निकालकर उन्होंने कार बनाने के अपने जुनून को पूरा किया। इससे पहले भी हेमंत अपने हुनर से एक ट्रॉली बना चुके हैं। गांव में जब लोगों ने उनकी बनाई कार देखी तो वे भी हैरान रह गए। मोहल्ले के राजकुमार साहू सहित परिवार और ग्रामीणों ने हेमंत के हुनर व मेहनत की सराहना कर रहे हैं।

पर्याप्त लाइटिंग के साथ पार्सल रखने की नहीं है समुचित व्यवस्था

ढाई साल बाद भी नहीं बदली जांजगीर-नैला स्टेशन की तस्वीर, अमृत भारत योजना सिर्फ बोर्ड तक सिमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





जिला मुख्यालय के स्टेशन में चल रहा निर्माण कार्य।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना को शुरू हुए ढ़ाई साल होने वाले हैं, लेकिन जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन की सूरत आज भी नहीं बदली है। अभी भी प्लेटफार्म पर काम पूरा नहीं हो सका है, वहीं लाइटिंग की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

गौरतलब है कि बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन को भारत सरकार की अमृत भारत योजना में शामिल कर आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाने का दावा किया गया था, जिसके लिए दिसंबर 2022 में योजना का आगाज हुआ था। जांजगीर-चांपा जिले के जांजगीर-नैला के साथ चांपा और अकलतरा स्टेशन को भी इसमें जोड़ा गया था, लेकिन धरातल पर जिला मुख्यालय का स्टेशन आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। स्टेशन परिसर में न पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था है, न प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए समुचित शेल्टर है, न दिव्यांगों के लिए रैंप और दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय है और न ही पार्सल रखने के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था हो पाई है, जबकि योजना के तहत ये सभी सुविधाएं मिलनी थीं। हकीकत यह है कि स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर अधिकांश समय मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिससे यात्री ट्रेनों को दो, तीन और चार नंबर प्लेटफॉर्म पर लिया जाता है और ट्रेन आने के कुछ मिनट पहले अचानक प्लेटफॉर्म बदल दिए जाने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी लगेज लेकर भागना पड़ता है। रात होते ही प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन के कई हिस्सों में अंधेरा छा जाता है और सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी पर्याप्त नहीं होने से सुरक्षा को लेकर यात्रियों में चिंता बनी रहती है। इस स्टेशन से न केवल जांजगीर शहर बल्कि सुकली, बनारी, धाराशिव, शिवरीनारायण, सरखो, खोखरा और पामगढ़ समेत आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोग रोजाना बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, रायपुर, नागपुर, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, भोपाल और चेन्नई जैसे बड़े शहरों के लिए सफर करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, नौकरीपेशा और व्यापारी शामिल हैं। रोज सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर सिर्फ अमृत भारत योजना का बोर्ड लगा दिया गया है, काम के नाम पर कुछ नहीं हुआ है, इसलिए रेलवे प्रशासन को चाहिए कि जिला मुख्यालय के इस महत्वपूर्ण स्टेशन को प्राथमिकता में लेकर यात्री सुविधाओं का विस्तार जल्द से जल्द करे।

चल रहा निर्माण कार्य

अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन में निर्माणि कार्य चल रहा है कार्य में गति लाने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

-संजीव चौधरी,
मुख्य स्टेशन मास्टर
जांजगीर-नैला

बनाई जा रही व्यवस्था

अमृत भारत योजना के तहत जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाना है काम भी कराया गया है। धीरे-धीरे व्यवस्था बनाई जा रही है।

-अंबिकेश साहू,
जनसंपर्क अधिकारी
रेल मंडल बिलासपुर

शेयर मार्केट में रकम दुगुना करने का झांसा देकर 70 लाख की ठगी

पुलिस ने दबिश देकर महिला को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर ग्रामीण महिलाओं से 70 लाख 77 हजार 901 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी महिला घर-घर जाकर महिलाओं को मोटे मुनाफे का लालच देती थी। शिकायत के बाद साइबर पुलिस ने आरोपी महिला को सक्ती जिले के बरतुंगा से गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के पति और मां की भूमिका भी सामने आई है। जिनकी तलाश जारी है।

दरअसल सक्ती जिले के ग्राम बरतुंगा निवासी मेनका सारथी महिलाओं को शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में रकम दोगुनी करने का भरोसा देती थी। अपने पति के साथ शेयर मार्केट में निवेश और मुनाफे की बात कहकर उसने महिलाओं का विश्वास जीता। अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच आरोपी ने हारा बाई निषाद से 17 लाख 53 हजार, अनिता निषाद से 17 लाख 24 हजार और पुष्पा सिदार से 9 लाख रुपये लिए। इसके अलावा अन्य महिलाओं से भी लाखों रुपये लिए गए। कुल रकम 70 लाख 77 हजार 901 रुपये बताई गई है। शुरुआत में कुछ महिलाओं को मुनाफे की रकम देकर आरोपी ने भरोसा कायम किया। बाद में रकम वापस मांगने पर टालमटोल करने लगी। रायगढ़ जिले के पुसौर थाना में इसके संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में सामने आया कि महिलाओं से ली गई रकम शेयर मार्केट में निवेश करने के बजाय निजी काम और दूसरे लोगों के लेनदेन में इस्तेमाल की गई। शिकायत के बाद साइबर पुलिस ने बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की जांच की। आरोपी के तीन बैंक खातों में लाखों रुपये का लेनदेन मिला। इसके बाद पुलिस ने सक्ती जिले के बरतुंगा में दबिश देकर मेनका सारथी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने पति अक्षय सारथी और मां मीरा सोनवानी की भूमिका भी बताई है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन तीन बैंक खाते और एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। पति और मां की गिरफ्तारी के साथ ही मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

सेवा के रंग की रंगोली...



जांजगीर-चांपा। विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ग्राउण्ड खोखरा में सेवा के रंग की रंगोली बनाई गई। विशाल रंगोली के माध्यम से सेवा, समर्पण, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को आकर्षक रुप में प्रदर्शित किया गया। छाया : हरिभूमि

जिला मुख्यालय की पुलिसिंग चरमराई, थाने के सामने बिक रहा नशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय की पुलिसिंग इन दिनों सवालों के घेरे में है। शहर में एक तरफ चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं, तो दूसरी तरफ कोतवाली की नाक के नीचे ही अवैध

- चंद कदमों पर गांजे की पुड़िया और शराब के पाउच, शाम ढलते ही ठेलों पर सजती है महफिल

नशे का कारोबार बेखौफ चल रहा है। हालात ये हैं कि थाने से चंद मीटर की दूरी पर ही सुबह से शाम तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है और पुलिस को भनक तक नहीं। स्थानीय लोगों के अनुसार कोतवाली के समीप एक



गली में दिनभर पुड़िया में गांजा और पाउच व बोतल में शराब परोसने का धंधा चलता है। वहीं कोतवाली के दूसरी ओर चिन्हित ठेलों पर शाम होते ही शराब की अवैध बिक्री शुरू हो जाती है, जो देर रात तक चलती है। यह सिलसिला एक-दो दिन नहीं, बल्कि रोजाना का है।

सत्संग वाला मैदान भी सुरक्षित नहीं

शहर में इन दिनों हाई स्कूल ग्राउंड में कृपालु महाराज की शिष्या रासेश्वरी देवी का उपनिषद ज्ञानामृत सत्संग चल रहा है। यह कार्यक्रम शाम 6 से रात 9 बजे तक होता है और इसके आयोजक मंडल में पुलिस कप्तान समेत कई धर्मप्रेमी जुड़े हैं। विडंबना यह है कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद रात 11 बजे के बाद मैदान के पीछे बनी गैलरी असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाती है। यहां बैठकर खुलेआम जाम छलकाए जाते हैं। सुबह मैदान में पड़ी खाली शराब की बोतलें और पैकेट खुद इस बात की गवाही देते हैं।

करते हैं कार्रवाई

जहां पर भी नशे का अवैध कारोबार होने की सूचना मिलती है वहां कार्रवाई करते हैं। जिन जगहों पर नशे का कारोबार हो रहा है, पूर्व में वहां कार्रवाई हो चुकी है, यदि फिर से हो रहा है तो दिखवाते हैं।

-जेपी गुप्ता, टीआई सिटी कोतवाली

करेंगे निर्देशित

नशे का अवैध कारोबार कहीं भी नहीं होना चाहिए। कोतवाली के आसपास तो बिल्कुल भी नहीं, यदि ऐसी स्थिति है तो पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करेंगे।

-रामगोपाल गर्ग,
आईजी बिलासपुर रेंज

गर्मी में पानी के लिए तरसे तो बरसात में गली हो रही कीचड़ से सराबोर

जल जीवन मिशन की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, व्यर्थ बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम





जल जीवन मिशन की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन और गली में बहता पानी।

ग्रामीणों की सुविधा के लिए ग्राम सपिया में किया गया जल जीवन मिशन का कार्य उल्टे परेशानी का सबब बन गया है। गर्मी में जहां पानी सप्लाई नहीं हो पाती। वहीं अभी बरसात में पाईप लाइन क्षतिग्रस्त होने से गली में पानी व्यर्थ बह रहा है।

ग्राम पंचायत सपिया में जल जीवन मिशन एवं नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन और नल कनेक्शन की सप्लाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। गांव में योजना के तहत लगाए गए पाइप एवं नलों की सप्लाई लाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है तथा कुछ जगहों पर पाइप खुले छोड़ दिए गए हैं। इसके कारण पानी लगातार व्यर्थ बह रहा है। एक ओर लोग गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान होते हैं, वहीं दूसरी ओर बरसात में शासकीय योजना के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा पानी सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में बहकर बर्बाद हो रहा है। जल संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन यदि नल-जल योजना की सप्लाई लाइन ही क्षतिग्रस्त अवस्था में रहे और पानी यूं ही बहता रहे तो जल संरक्षण का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत सपिया के सारपंच अमरिका मनोज सिदार का कहना है कि पूर्व सरपंच के द्वारा कार्य पूर्ण कराकर अनापत्ति प्रमाण पत्र दे गया है, जिस पर संबंधित ठेकेदार को पुनः मेरे द्वारा अवगत कराये जाने पर सहमति जताते हुए कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया।

नैला-बलौदा महुदा मार्ग का होगा कायाकल्प, 50 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले में नैला-बलौदा महुदा मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य के लिए 50 करोड़ 8 लाख 10 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल इस कार्य के अंतर्गत 20.775 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा।

नैला-बलौदा महुदा मार्ग जिले के महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल है। मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण से क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। राज्य शासन द्वारा इस कार्य के लिए 5008.10 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होने से आवागमन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा तथा क्षेत्र की सड़क अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सड़क, पुल एवं अन्य मूलभूत अधोसंरचना के विस्तार और उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने नैला-बलौदा-महुदा मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के कार्यों के लिए स्वीकृति दी है। आने वाले दिनों में सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरु होगा। इसके बाद क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा।

खबर संक्षेप



विधायक ने हितग्राहियों को योजनाओं से किया लाभान्वित

कोरबा। कटघोरा विकासखंड के ग्राम कसाईपाली में आज सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 94 का मौके पर निराकरण किया गया। शेष 8 आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शिविर में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री पटेल ने विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। जनपद पंचायत द्वारा पेंशन के आवेदनों का तत्काल निराकरण कर पेंशन स्वीकृति दी गई। पात्र हितग्राहियों को जॉब कार्ड, आवास और राशन कार्ड से संबंधित लाभ भी प्रदान किए गए। विधायक श्री पटेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत गांवों में सेवा सेतु शिविर लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकता के अनुसार उनका लाभ उठा सकें। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती झूलबाई कंवर, एसडीएम एवं आईएएस विपिन दुबे, जनपद पंचायत सीईओ कमलकांत श्रीवास, तहसीलदार, 52 पंचायतों के सरपंच तथा विकासखंड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत छह महिला कृषक सम्मानित



कोरबा। कृषि विभाग एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की क्रियान्वयन एजेंसी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आज कार्यक्रम आयोजित कर जिले की छह महिला कृषकों को सम्मानित किया गया। इन कृषकों ने विगत वर्षों में योजना के तहत फसल बीमा कराकर इसका लाभ प्राप्त किया है। उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित किट प्रदान की गई। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया है। इसका उद्देश्य वैश्विक कृषि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देना है। महिला किसान फसल उत्पादन, पशुपालन, कृषि वानिकी, मत्स्य पालन, बागवानी, कटाई पूर्व गतिविधियों, कटाई के बाद प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन सहित कृषि क्षेत्र के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसी क्रम में जिले की महिला किसानों के कृषि क्षेत्र में योगदान को सम्मान देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि, योजना के शाखा प्रभारी तथा क्रियान्वयन एजेंसी ।ष्के जिला एवं विकासखंड स्तरीय समन्वयक उपस्थित रहे।

कथक में हरी प्रत्यक्षा निर्मलकर व नम्रता बरेठ का शानदार प्रदर्शन



कोरबा। ओडिशा के पुरी में 3 अक्टूबर को आयोजित ब्रह्मा फेस्टिवल में कथक नृत्य के लिए हरी प्रत्यक्षा निर्मलकर और नम्रता बरेठ को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरी प्रत्यक्षा निर्मलकर ने कथक की शानदार प्रस्तुति दी। वह मात्र 3 वर्ष की आयु से कथक का प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके पिता राम साय निर्मलकर एवं माता श्रीमती केवरा आर. निर्मलकर, जो उनकी कथक गुरु भी हैं। हरी प्रत्यक्षा ने कई राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान हासिल किए हैं। वह न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, कोरबा में कक्षा पाँचवीं की छात्रा हैं। वहीं नम्रता बरेठ सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल, कोरबा में डांस टीचर हैं। उन्होंने कथक की ओपन कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवॉर्ड प्राप्त किया।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला मंडल ने चिकित्सालय में बांटा भोजन



कोरबा। राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला मंडल कोरबा जिला इकाई की बहनों द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए भोजन सेवा का आयोजन किया गया। भारत माता की रसोई समूह के माध्यम से विप्र भगिनियों द्वारा पावन पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों के संतुष्टि के निमित्त यह सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला मंडल कोरबा जिला इकाई की तथा समाज की अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तभी विकसित भारत का पूरा होगा सपना : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर ही बच्चे देश और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सेवा संकल्प अभियान के तहत रामपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अभियान में स्वच्छता, रक्तदान और सरकार आपके द्वार शिविरों के माध्यम से लोगों तक सेवाएँ और योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है। विद्यालयों में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के साथ भाषण, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, ताकि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखा सकें और विकसित भारत के संकल्प से जुड़ें। उन्होंने नुक्कड़ नाटक में प्रधानमंत्री की देश सेवा को नाटक के माध्यम से प्रस्तुति पर विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) सहित विभिन्न मदों से सड़क, पुल-पुलिया, विद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य भवन और छात्रावासों से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। रामपुर विद्यालय में भवन निर्माण के साथ एक अन्य भव्य भवन का निर्माण भी डीएमएफ से प्रस्तावित है। मंत्री ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने बच्चों से मोबाइल का सीमित उपयोग कर अध्ययन पर ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम को एमआईसी सदस्य एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद श्रीमती ममता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने भी संबोधित किया।

रामपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

खास बात

- संकल्प शिविर से स्वच्छता एवं रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों का दिया जा रहा है संदेश



दो माह बाद शासन से आया आदेश, तब तक करा चुके हैं अधिकांश सदस्य एग्रीटेक में पंजीयन

अब नहीं कराना पड़ेगा संयुक्त खाते वाली जमीन के सभी सदस्यों को पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो माह तक संयुक्त खाते वाली जमीनों के मुखिया सहित सभी सदस्यों को दौड़ धूप कर एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन करा लिया तब जाकर राज्य शासन का संशोधित आदेश आया। जिसमें सभी सदस्यों को पंजीयन नहीं कराने के निर्देश दिए हैं। जबकि दो माह तक किसान सहित समितियों को पंजीयन कार्रवाई के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

धान खरीदी के लिए लगातार जुलाई माह से नए नियम जारी किए जा रहे हैं, इससे किसानों के साथ समिति के कर्मचारी और विभागीय कर्मचारी परेशानी झेल रहे हैं। दो माह पूर्व ऐसा ही एक आदेश शासन की ओर से आया था, जिसमें संयुक्त खाते वाली जमीन के सभी सह खातेदारों का एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया था। इस आदेश से किसानों में हड़कंप मच गया था। अधिकांश किसानों के सह खातेदार किसी न किसी सरकारी सेवा में या निजी सर्विस में रहने के कारण जिले से बाहर निवास कर रहे हैं, धान बिक्री के लिए पंजीयन के लिए उन्हें भी अपने अपने स्थानों से वापस आना पड़ा। जिसके लिए समितियों में भी भीड़ शुरु हुई थी। इस आदेश से पारिवारिक विघटन की भी स्थिति निर्मित हो गई थी। कई किसान परिवार ऐसे ही विवादों के कारण पंजीयन नहीं करा सके हैं। दो माह तक परेशानी झेलने के बाद राज्य शासन ने अब आदेश जारी किया गया है जब खरीदी को महज डेढ़ माह शेष बचे हैं। इससे लेकर समितियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब केवल संयुक्त खाते वाली जमीन के लंबरदार का ही एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इस पंजीयन के आधार पर ही किसान अपनी फसल बेच सकेंगे। यही पंजीयन शुरू होने के समय से चले आ रहा था।

खास बात

- धान बेचने के लिए शासन ने संयुक्त खाते के सभी सदस्यों के पंजीयन को किया था अनिवार्य



केवल एक सदस्य का पंजीयन ही अनिवार्य

संयुक्त खाते के सभी सदस्यों का पंजीयन अब अनिवार्य नहीं किया गया है। ऐसी जमीनों के एक सदस्य (लंबरदार) का पंजीयन ही अनिवार्य किया गया है और एक सदस्य के पंजीयन से ही किसान अपना धान बेच सकेंगे। -डीपीएस कंवर, उप संचालक, कृषि

कितने किसानों ने कराया पंजीयन

कृषि विभाग के आंकड़ों में एक लाख 22 हजार कुल किसान जिले में हैं। जिसमें से 52 हजार किसानों ने पिछले वर्ष धान बेचा था। इस वर्ष भी धान बिक्री के लिए पंजीयन की कार्रवाई चल रही है। नए किसानों के भी पंजीयन के लिए नए निर्देश से होने वाली परेशानी से राहत मिली है। अब तक लगभग 48 हजार किसानों का धान खरीदी के लिए पंजीयन हो चुका है।

कोरबा-जांजगीर बॉर्डर के जंगल में चल रहा था जुए का फड़, पुलिस ने मारा छापा



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैसे-जैसे दीवाली का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे क्षेत्र में जुआड़िया नेटवर्क भी सक्रिय होने लगा है। जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नेवासा-शक्ति के जंगलों में चल रहे एक बड़े जुआ फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन जुआड़ियों को धरदबोचा है। जुआड़ियों के कब्जे से 54 सौ रुपए नगद व तीन मोटर सायकल व मोबाइल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से नेवासा-सक्ति खर्रा के घने जंगल में तिरपाल लगाकर जुए की महफिल सजाई जा रही थी। मंगलवार को हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि जंगल के भीतर बड़े पैमाने पर ताश के पत्तों पर दांव लगाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को जुआ की जानकारी दी गई। एसपी के निर्देश पर हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह ने अपनी टीम के साथ रणनीति बनाकर जंगल में घेराबंदी की और छापेमारी की। पुलिस की अचानक हुई इस कार्रवाई से जुआरियों में भगदड़ मच गई। मौके का फायदा उठाकर कुछ जुआरी जंगल की आड़ में भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए 3 आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा। पकड़े गए जुआड़ियों में दीपका निवासी पवन पटेल पिता निर्धन राम पटेल, निरतु निवासी नंदकुमार पिता भुवन लाल पटेल, बुड़गघन निवासी राजेश पिता धरमलाल शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 54 सौ नगद, 52 पत्ती ताश, मोबाइल फोन और मौके से मोटरसाइकिलें जब्त की है।

निर्मला स्कूल प्रकरण की जांच के लिए पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी को 16 बिंदुओं पर स्थानीय निवासियों के द्वारा लिखित रूप से शिकायत कराते हुए व्यक्तिगत रूप से भी शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया था। इस प्रकरण में सोमवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम ने जांच पड़ताल कर प्रबंधन का बयान दर्ज की है।

एक सप्ताह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को कोसाबाड़ी निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन के खिलाफ 16 बिंदु की शिकायत की गई थी। जिसमें स्कूल के शिक्षकों को समय पर अवकाश नहीं देना, छात्रों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ना देना और प्रेयर में शामिल होने के लिए दबाव देना एवं वेतन विसंगति जैसी 16 बिंदुओं की शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी कोरबा जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जिसमें सेजस के प्राचार्य एमके साहू एवं मंजू तिवारी शामिल थे। टीम के द्वारा सोमवार को स्कूल पहुंचकर स्कूल प्रबंधन के साथ शिक्षकों का भी बयान दर्ज करने की कार्रवाई की गई। जांच प्रतिवेदन के बाद आगे की कार्रवाई विभाग के द्वारा की जाएगी।

खास बातें

- शिक्षा विभाग को स्थानीय निवासियों ने लिखित में की थी शिकायत
- मामला कोसाबाड़ी स्थित निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल का



फाइल फोटो

किया गया बयान दर्ज

शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर कोसाबाड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध की शिकायत की जांच के लिए स्कूल पहुंचकर प्रबंधन और शिक्षक व छात्रों का बयान दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता स्कूल से संबंधित नहीं है। जांच प्रतिवेदन विभाग को सौंपा जाएगा। -जितेन्द्र साहू, बीईओ, कोरबा

शिकायतकर्ता बाहर के

जिला शिक्षा विभाग को की गई शिकायत में स्कूल के शिक्षक और किसी छात्र का उल्लेख नहीं है। उक्त शिकायत 4 व्यक्तियों के द्वारा की गई है जो स्कूल के बाहर के व्यक्ति बताए गए हैं। उनके द्वारा 16 गंभीर बिंदुओं पर शिकायत किए जाने के बाद जांच शुरू की गई है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

कोरबा। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री 19 सितंबर की सुबह करीब 9:30 बजे स्कूल जाने का कहकर घर से निकली थी, जो स्कूल नहीं पहुंची। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस अपहृत बालिका को सकुशल बरामद किया। बालिका ने अपने बयान में बतायी कि आरोपी मुकेश यादव द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाकर जबरदस्ती छेड़छाड़ करने एवं पूर्व में भी दुष्कर्म किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी धंवईपुर कटघोरा निवासी मुकेश यादव उम्र 19 साल पिता भारत यादव के विरुद्ध धारा 65(1), 74 बीएनएस एवं 4, 8 पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। इसी तरह थाना उरगा की पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्राभाठा पानी टंकी के पास एक व्यक्ति कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने खोडडल निवासी अजीत खुंटे उम्र 43 वर्ष पिता बुलटुराम खुंटे को हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।

दो दुकानों का टूटा ताला, मां की बरसी के लिए जोड़कर रखे पैसे ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र के सिंचाई कालोनी चौक में एक रात में दो दुकानों का ताला और छप्पर तोड़कर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। मुख्य सड़क की दुकानों में चोरों ने 5 और 6 अक्टूबर की दरमियानी रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी चौक में गंगाराम होटल संचालक सुजीत ने लगभग 14 हजार और मोती किराना दुकान से राशन सामान की चोरी गई है। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। दोनों ही मामलों में पृथक-पृथक एफआईआर दर्ज की गई है। दर्री थाना प्रभारी तेज कुमार यादव ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

पानी समझ कर मासूम ने पी ली शराब, मौत

कोरबा। घर में खेल रहा मासूम ने पानी समझ कर प्लास्टिक बॉटल में रखे महुआ शराब को पी लिया। जैसे ही मासूम की तबियत बिगड़ने लगी परिजनों ने उसे तत्काल जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीमूड पुलापुर निवासी शिवलाल सिंह का तीन वर्षीय पुत्र मनीष कुमार ने 29 सितंबर को खेल खेल में घर में रखे प्लास्टिक के बॉटल महुआ शराब को पी लिया। इस दौरान उसकी मां घर के काम में व्यस्त थी। शराब पीने के बाद मासूम उल्टी करने लगा। शाम को जब पिता काम कर घर लौटा तो पत्नी ने मनीष के शराब पी लेने की बात बताई। उल्टी करने के बाद मनीष की हालत में सुधार आया लेकिन दूसरे दिन अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट पामगढ़
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र0-202610061100006/ब-113
(1)/2026-27
प्ररूप-चार नियम 5 (1)
सूचना
(छत्तीसगढ़ पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा-5 (2) के तहत)

लोक न्यासों के पंजीयक पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के समक्ष अर्जीत कुमार पाण्डेय आत्मज कृष्णावतार ग्राम डोंगाकोहरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अन्तर्गत अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिए एक आवेदन लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए किया है, एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त आवेदन दिनांक 07/10/2026 पर मेरे द्वारा न्यायालय के विचारण में लिया जाएगा।

अतः मैं पवन कोसमा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) अपने न्यायालय में दिनांक 07/10/2026 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के द्वारा अपेक्षित जांच करने की प्रस्थापना करता हूँ।

किसी आपत्ति (या सुझाव) को करने का आशय रखते हुए उक्त न्यास या संपत्ति के मामले में हित रखने वाले किसी भी व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 01 माह के भीतर 02 प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिगत अथवा वकील द्वारा या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्ति को विचार में नहीं लिया जाएगा।

अनुसूची
(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण)

1. न्यास का पूरा नाम व पता श्री राधाकृष्ण मंदिर पब्लिक ट्रस्ट डोंगाकोहरौद ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद पोस्ट डोंगाकोहरौद व्हाया पामगढ़ तहसील पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
2. ट्रस्ट की संपत्तिः-अचल संपत्ति ग्राम डोंगाकोहरौद स्थित भूमि खसरा नंबर-3687/1 रकबा 0.705 हेक्टे. दिनांक 07/10/2026

लोक न्यास का पंजीयक पामगढ़
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन स्पर्धा

हरदीबाजार कॉलेज ने पीजी कॉलेज को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

परिक्षेत्र स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय कोरबा को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया है।

प्रतियोगिता के दौरान दोनों टीमों के बीच काफी कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। खेल के शुरुआती दौर से ही ग्राम्य भारती महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, सटीक सर्विस और मजबूत स्मैश का प्रदर्शन करते हुए पीजी कॉलेज कोरबा की टीम को पटखनी दी। साहिल राठौर को बेस्ट प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में मानव जीवन में खेल के महत्व तथा इसके अनुशासन को दैनिक जीवन में आत्मसात करने के लिए उपस्थित सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। साथ ही साथ सभी से खेल भावना का परिचय देने का भी आग्रह किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में पीजी कालेज कोरबा, पाली, कटघोरा, भैसमा, हरदीबाजार, सजेस कोरबा तथा कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के खिलाड़ियों ने शिरकत की। इस जीत से ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के छात्र-छात्राओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इस दौरान डॉ अनिल पांडेय, युवामोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि साहू, छोटेलाल पटेल, श्रवण सोनू यादव, मन्नु राठौर सहित अन्य प्रधायपक खिलाड़ी उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में विजयी टीम के प्रतिभागी।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style

तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।



अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली का दूसरा गाना फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवांश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी।



दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।



राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।' राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत **IFFSA** टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

सिवनी के विद्यालय में नेवता भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बहेराडीह। सिवनी के सभी शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में चुणामणी राठौर सभापति जनपद पंचायत बलौदा द्वारा बच्चों को पूर्ण न्योता भोज कराया। इस अवसर पर उन्होंने खीर, पुडी, चावल, दाल, सब्जियों, बच्चों को मध्यान्ह भोजन बनाने वही समूह से बनवाकर खिलाया। जिला पंचायत के सभापति उमा राजेंद्र राठौर के साथ बच्चों को चारों स्कूलों में उपस्थित होकर भोजन परोसे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिवनी के सभी शासकीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिका, महिला समूह, जनप्रतिनिधि व स्कूली बच्चों के पालको का सराहनीय योगदान रहा।

किसान परिवार के हिमांशु का एमबीबीएस में हुआ चयन

फगुरम। ग्राम फगुरम निवासी लखनलाल गबेल एवं श्रीमती कृष्णा गबेल के छोटे पुत्र हिमांशु गबेल ने



नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज, रायपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में अपना प्रवेश सुनिश्चित किया है। हिमांशु की इस उपलब्धि से परिवार, ग्राम फगुरम और पूरे क्षेत्र में हर्ष व गर्व का माहौल है। विशेष बात यह है कि हिमांशु के बड़े भाई मनोज गबेल भी वर्तमान में लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। एक ही किसान-ग्रामीण परिवार के दोनों सगे भाइयों का डॉक्टर बनने का सपना साकार होना पूरे गबेल समाज और ग्रामीण अंचल के लिए प्रेरणादायक है। हिमांशु की इस सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामवासियों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

सेवा संकल्प अभियान भाषण प्रतियोगिता में लिलिमा को मिला प्रथम स्थान



नवागढ़। नवागढ़ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नवागढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भाषण रंगोली एवं अन्य तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा लीलिमा साहू ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान कई तरह के विविध गतिविधियों का संचालन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, इंजीनियर रवि पांडे एवं अन्य उपस्थित लोगों के द्वारा लिलिमा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जैन भवन में 13 व 14 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर, विशेषज्ञ देंगे अपनी सेवाएं

अकलतरा। पीड़ित मानवता की सेवा एवं जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जैन समाज अकलतरा के सौजन्य से नगर में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर 13 एवं 14 अक्टूबर को जैन भवन, अकलतरा में प्रातः 8:30 बजे से आयोजित होगा। शिविर में नाड़ी परीक्षण के साथ आयुर्वेदिक उपचार, जड़ी-बूटी चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जैन समाज द्वारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपलब्ध निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। शिविर में नाड़ी परीक्षण के साथ आयुर्वेदिक उपचार, जड़ी-बूटी चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर पद्धति से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श व उपचार किया जाएगा।

निधन

जमोत्री बाई मिश्रा

जांजगीर-चांपा। ग्राम सोनसरी की प्रतिष्ठित महिला



श्रीमती जमोत्री बाई मिश्रा का मंगलवार 6 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार रायपुर के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र डॉ. अशोक मिश्रा ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

ओमप्रकाश देवांगन

चांपा। स्थानीय देवांगन समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित



नागरिक अधिवक्ता और नोटरी बरछा पारा निवासी ओमप्रकाश देवांगन का बीती मंगलवार तथा बुधवार की मध्य रात्रि दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. वे 71 वर्ष के थे। स्व. देवांगन अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं तीन पुत्रियों का परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 7 अक्टूबर को अपरान्ह 4 बजे गेमन पुल के पास पीआईएल बाय पास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहाँ बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बन्धुओं सहित गणमान्य मौजूद थे. मुखाग्नि पुत्र भूपेंद्र देवांगन ने दी।

मशाल के साथ निकली 'सेवा ज्योति', लिया 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प

विकसित भारत के निर्माण में सबकी हो सक्रिय भागीदारी : खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर बुधवार को पुलिस ग्राउंड खोखरा, जांजगीर में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा, 76 बाय 76 रंगोली का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा को सफल बनाने के साथ-साथ विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। सेवा का भाव ही संगठन की शक्ति है और इसी भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याण का संदेश पहुंचाना है।कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब के संबोधन से पूर्व उपस्थित नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने वर्ष 2047 तक भारत को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा, प्रतिभा, परिश्रम और सामर्थ्य का योगदान देने का प्रण लिया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, श्रीमती विद्या सिदार, रामदेव कुमावत, अम्बेश जांगड़े, अमर सुलतानिया, सत्यलता मीरी, गुलाब सिंह, संतोष लहरे, नंद चौधरी, नंदिनी राजवाड़े, चुन्नीलाल साहू, धनंजय सिंह, पंकज अग्रवाल, लक्ष्मी देवांगन, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, राकेश रूपवानी, राम खुबवानी, रवि पाण्डेय, अमन प्रताप, जितेंद्र देवांगन, सहित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



मशाल प्रज्वलित कर रवाना हुई सेवा ज्योति यात्रा

संकल्प सभा के पश्चात मशाल प्रज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के माध्यम से सहभागिता की। बाइक रैली एवं पदयात्रा के साथ सेवा ज्योति कलश यात्रा ने नगर का भ्रमण किया।

सेजेस सक्ती में छात्राओं द्वारा बनाई गई विशाल रंगोली

सक्ती। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर सेजेस सक्ती में छात्राओं द्वारा विशाल रंगोली बनाई गई, जो कार्यक्रम स्थल पर विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रंगोली के माध्यम से सेवा, राष्ट्रभावना, राष्ट्रीय एकता, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़े संदेशों को आकर्षक एवं कलात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया। रंगोली में देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता में एकता, कला, परंपरा एवं लोक जीवन की झलक को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसमें महाविद्यालयीन विद्यार्थियों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



कलियुग में भक्ति ही भगवान को पाने का एकमात्र सुलभ मार्ग - रासेश्वरी देवी

ज्ञानयोग और भक्तियोग पर व्याख्यान



प्रवचन सुनने पहुंचे श्रद्धालु तथा इंसेट में रासेश्वरी देवी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाई स्कूल ग्राउंड में चल रही उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के तेरहवें दिन मंगलवार को रासेश्वरी देवी ने ज्ञानयोग और भक्तियोग का भेद समझाया। उन्होंने कहा कि कोरे ज्ञान से नहीं, भक्ति से मिलने वाला ईश्वरीय प्रेम ही मनुष्य का सर्वोच्च लक्ष्य है।

इस अवसर पर रासेश्वरी देवी ने कहा कि ज्ञानी अपने बल से तमोगुण और रजोगुण को जीतकर निर्विकल्प समाधि तक पहुंच सकता है, लेकिन सत्वगुण को जीतने के लिए उसे भी भगवान की भक्ति करनी पड़ती है। अद्वैतवाद के प्रवर्तक शंकराचार्य ने भी इसी कारण सगुण साकार श्रीकृष्ण की भक्ति की थी। ज्ञानी और भक्त के आनंद में अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञानी का ब्रह्मानंद गुड़ की चाय जैसा है, जबकि भक्त का प्रेमानंद मिश्री की चाय जैसा अधिक मधुर है। इसीलिए राजा जनक, शुकदेव और उद्धव जैसे परम ज्ञानी भी ज्ञान छोड़कर भक्ति में डूब गए। सच्ची भक्ति करने से ज्ञान और वैराग्य स्वतः आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण विरक्त ज्ञानी ज्ञान मार्ग का और घोर आसक्त व्यक्ति कर्म मार्ग का अधिकारी है। रासेश्वरी देवी ने कहा कि हम संसारी लोग कभी आसक्त तो कभी विरक्त हो जाते हैं, ऐसी चंचल अवस्था वालों के लिए कलियुग में भक्ति मार्ग ही सबसे सुलभ और सर्वश्रेष्ठ है। प्रवचन श्रृंखला 8 अक्टूबर तक चलेगी। कथा स्थल पर ही 4 से 8 अक्टूबर तक रोज सुबह 7.30 से 9 बजे तक रूप ध्यान साधना सत्र आयोजित किया जा रहा है।

हेजल ने डीईओ से किया संवाद, बाल प्रतिभा को मिला नवाचार का मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बच्चों में छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनमें आत्मविश्वास, संवाद-कौशल, नेतृत्व क्षमता तथा अभिव्यक्ति की कला विकसित करने की दिशा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमनी, संकुल केंद्र हसौद (ब), विकासखंड जैजैपुर, जिला सक्ती (छत्तीसगढ़) की 10 वर्षीय छात्रा हेजल महंत ने एक सराहनीय एवं अभिनव पहल की।

हेजल ने 5 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती विजय कुमार टांडे का शैक्षिक पॉडकास्ट साक्षात्कार लिया। इस पॉडकास्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें वास्तविक जीवन से जुड़े विषयों पर संवाद करने, प्रश्न पूछने, अपने विचार व्यक्त करने तथा प्रशासनिक एवं शैक्षिक क्षेत्र के अनुभवी व्यक्तित्वों से सीखने का अवसर प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से बच्चों में संचार कौशल, डिजिटल साक्षरता, रचनात्मक सोच, जिज्ञासा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया गया। हेजल महंत ने जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे से शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार, विद्यालयीन गतिविधियों तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े विषयों पर संवाद किया। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अनुभवात्मक अधिगम, संचार क्षमता और 21वीं सदी के कौशल विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस रचनात्मक एवं नवाचारी गतिविधि को सफल बनाने में उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक डॉ. जगजीवन प्रसाद जांगड़े "जुगनू" का विशेष मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व रहा। डीईओ के साथ एक छोटे से संवाद के माध्यम से हेजल ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी सीखने, प्रश्न पूछने और अपनी बात आत्मविश्वास के साथ रखने की प्रेरणा दी।



त्यौहारी सीजन से पहले नगर मे प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग, लोगों को हो रही परेशानी

अकलतरा। आगामी नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली पर्व को देखते हुए नगर में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठी है। नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद विजय खांडेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख मार्गों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास बंद तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि त्योहारी सीजन के दौरान अकलतरा में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा नगर की स्वच्छ एवं व्यवस्थित छवि के लिए आवश्यक है।

पार्षद ने महमाया मंदिर मार्ग, मनकदाई मंदिर मार्ग, तहसील रोड, खिसोरा रोड एवं ओवरब्रिज मार्ग सहित प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने की मांग की है। इसके अलावा महामाया मंदिर, माँ मनका दाई मंदिर, गोपियां तालाब स्थित कालीमाता मंदिर, पंचमुखी मंदिर एवं चंडीदाई मंदिर के आसपास विशेष प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।ज्ञापन में आवश्यकता वाले स्थानों पर नए स्ट्रीट पोल एवं अतिरिक्त लाइट लगाने तथा सभी स्ट्रीट लाइटों के चालू होने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

नि:शुल्क दंत परिक्षण एवं परामर्श शिविर में 277 लोग लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब चांपा मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल चांपा में निःशुल्क दंत परिक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

चांपा नगर के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीमती वर्षारानी सोनी द्वारा लगभग 277 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क परामर्श दिया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष एमजेएफ संतोष कुमार सोनी, सचिव वासुदेव चंद देवांगन, चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ संतोष कुमार अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विनोद कुमार अग्रवाल, बैजनाथ देवांगन, स्कूल सचिव सुरेश अग्रवाल उपस्थित थे जिन्होंने पुनीत सेवा कार्य में सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

स्मार्ट मीटर व बढ़ते बिल के विरोध में विधायक का जनसंपर्क अभियान, सपोस और खैरा में युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

डभरा क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर एवं बढ़ते बिजली बिल को लेकर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम कुमार यादव द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों से संवाद किया जा रहा है।

इसी क्रम में विधायक राम कुमार यादव के भ्रमण के दौरान ग्राम सपोस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। वहीं ग्राम पंचायत खैरा में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। बताया गया कि इन लोगों ने विधायक राम कुमार यादव की नीतियों एवं क्षेत्र में किए जा रहे जनसंपर्क से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने तथा बढ़ते बिजली बिल को लेकर अपनी बात रखी। विधायक राम कुमार यादव ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित मुद्दों को लेकर आगे भी आवाज उठाने की बात कही। ग्राम सपोस और खैरा में बड़ी संख्या में लोगों के कांग्रेस में शामिल होने से स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।



सेवा सेतु शिविर में 210 आवेदन प्राप्त विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ

डभरा। ग्राम पसपोस में 6 अक्टूबर को कलेक्टर जिला सक्ती के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं एवं मांगों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण करते हुए उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता, पारदर्शिता और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना रहा। शिविर के दौरान कुल 210 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। डभरा की पेंशन शाखा से 5 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। एनआरएलएम शाखा द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत 5 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं डेमो चेक के माध्यम से 6 हितग्राहियों को राशि स्वीकृति की जानकारी तथा 5 हितग्राहियों को एसएचजी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

अग्र मैराथन में ओम सिटी से श्रीराम मंगलम तक जमकर दौड़े धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वावधान में आगामी 11 अक्टूबर को मनाये जाने वाले अग्रसेन जयंती समारोह के पूर्व 4 अक्टूबर से आयोजित विविध स्पर्धाओं के तहत चौथे दिन स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से बुधवार 7 अक्टूबर को सुबह 7 बजे गौशाला मार्ग स्थित श्रीराम मंगलम भवन तक अग्रसेन मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें अग्र समाज के पुरुषों, महिलाओं और युवक, युवतियों और बच्चों ने जमकर दौड़ लगाई। मैराथन का समापन श्रीराम मंगलम में महाराज अग्रसेन की आरती के साथ हुआ। इसके बाद सभी ने लायंस चौक, थाना चौक, डाकघर होते हुए श्रीराम मंगलम भवन पहुंचकर मैराथन का समापन किया। यहाँ सभी ने स्वअल्पाहार के पूर्व महाराज अग्रसेन की सामूहिक आरती संपन्न की. अग्र मैराथन में प्रमुख रूप से अग्रवाल सेवा संघ के संरक्षक मंडल के सदस्य विनोद अग्रवाल, रामनारायण मोदी, मोहन मित्तल, अध्यक्ष विष्णु मोदी, सचिव राज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जयंती प्रभारी मनोज अग्रवाल पिंटू, अंकित मोदी, शैलेन्द्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शिव अग्रवाल, प्रकाश मित्तल,, अमित अग्रवाल, विवेक डाकोनिया, शैलेश डिड़वानिया, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, आकाश अग्रवाल मोनू, पीयूष गोयल, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल डब्बू, मोहन अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, मनीष मोदी, रितेश मोदी, निखिल अग्रवाल, अंकित खेतान, राजकुमार अग्रवाल, किशोर मोदी, रमेश जालान, गोपाल मित्तल, सुनील अग्रवाल भांचा, अशोक मोदी, नेहा डिडवानिया, अखिलेश मोदी मिंटू, गीता मोदी, प्रियंका अग्रवाल, कविता अग्रवाल, मोनाली अग्रवाल सहित विशेष रूप से अकलतरा से आये दिनेश मित्तल शामिल थे।



सेवा संकल्प अभियान में एनएसएस स्वयं सेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा संकल्प स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली, श्रमदान एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया एवं शाला के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम पहुंची। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत", "गंदगी हटाओ, स्वच्छता अपनाओ" तथा "प्रकृति के दुश्मन तीन—पाउच, पन्नी, पॉलीथिन" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। स्टेडियम पहुंचने के बाद स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की तथा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पाण्डेय ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव, सहयोगी नाज़िया बानो सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया गया।



स्वच्छता का संदेश देते रासेयो।

माता सेवा माई जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन 14 से

जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 6 बी.डी. महंत उपनगर जांजगीर में 21वें वर्ष के आयोजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के तहत 14 अक्टूबर को उद्घाटन समारोह तथा 17 अक्टूबर को समापन समारोह होगा। उद्घाटन समारोह में जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अम्बेश जांगड़े करेंगे। आयोजन में चूड़ीलाल साहू पूर्व विधायक, इंजीनियर रवि पाण्डेय, रेखा देव गढ़वाल, अमर सुल्तानिया, ईश्वरी प्रसाद यादव, अरुण झामड़िया, सुनीता अमित यादव, निर्मला सिंह, राकेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

